## सार-समाचार

### खटीक सहित छह जने दोष मुक्त

**मावली, (निसं)।** जमीन विवाद को लेकर साकरोदा की पूर्व खुशबू शर्मा की मां सरपंच ऊषा शर्मा की हत्या के आरोप से साकरोदा के पूर्व सरपंच और देहात जिला कांग्रेस महामंत्री भगवती लाल खटीक सहित छह आरोपियों को एडीजे कोर्ट मावली के न्यायाधीश राहुल चौधरी ने संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त कर दिया है और एक आरोपी कमला पत्नी उदय लाल जोशी निवासी ओरडी नांदवेल को आजीवन कारावास से दंडित किया है।दिनांक 22/4/2017 को मृतक ऊषा शर्मा के भाई राजेश शर्मा ने महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर में उपस्थित हो कर थाना अधिकारी डबोक के समक्ष अभियुक्त गण कमला पत्नी उदय लाल,कमला पुत्री वंशों लाल,अनीता पुत्री बंशीलाल,उदयलाल पुत्र बंशी लाल,बंशीलाल पुत्र नंदराम,पार्वती पत्नी बंशी लाल निवासी नांदवेल के खिलाप प्रकरण दर्ज करवाया की इन सभी ने मिल कर ऊषा शर्मा की धारदार हथियारों से नांदवेल में ऊषा शर्मा के खेत में हत्या करदी है तथा इस हत्याकांड के षडयंत्र में भगवती लाल खटीक शामिल हैं जिस पर पुलिस थाना डबोक ने प्रकरण दर्ज कर बाद अनुसंधान सभी मुल्जिमों को गिरफ्तार कर अपराध धारा 148,447/149,302/149,ओर302/120 बी आईपीसी के अंतर्गत आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की तरफ से 28 गवाह पेश हुए ओर 61 दस्तावेज प्रदर्श करवाए गए तथा बचाव पक्ष की तरफ से 9 दस्तावेज प्रदर्श करवाए गए।न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्य और दस्तावेजों के आधार पर कमला पत्नी उदयलाल के अलावा सभी मुल्जिमों को संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त कर दिया। अभियुक्त गण कमला, अनीता, उदयलाल पिता बंशीलाल, पार्वती पत्नी बंशीलाल, बंशीलाल पिता नंदराम और कमला पत्नी उदयलाल की तरफ से पैरवी एडवोकेट मदन लाल नागदा और भगवती लाल की ओर से पैरवी एडवोकेट राजेंद्र सिंह हिरन ने की।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

**उदयपुर, (कासं)।** शुक्रवार को अंबेरी कट के पास हुए एक भयानक सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र में 'द मारवाड़ी ढाबा' के सामने यह दुर्घटना तब हुई। जब मोहन भील नामक युवक की बाइक सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई । टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोहन लगभग 20 फीट हवा में उछलकर पास की एक दीवार से टकराया और सड़क किनारे गिर पड़ा। बाइक और वह स्वयं दोनों अलग.अलग दिशाओं में जा गिरे ।उसी रास्ते से गुजर रहे विप्र फाउंडेशन के अनुज दीक्षित, विनोद नागदा और गजेंद्र पालीवालए जो एकलिंगजी महादेव के दर्शन के लिए जा रहे थे,ने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और घटनास्थल पर पहुंचे, अनुज दीक्षित ने बिना देर किए गंभीर रूप से घायल मोहन को उठाया और अपनी कार से तुरंत बेड़वास स्थित एक निजी हॉस्पिटल पहुंचाया । उन्होंने इस बीच मोहन के परिवार वालों को भी सूचित कर दिया । वर्तमान में मोहन की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है।

### तीन दिवसीय मेला आज से

**कपासन, (निसं)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनिमहाराज आली में बैशाखी अमावस्या पर शनिवार से तीन दिवसीय वार्षिक मेला शुरू होगा। तीर्थ स्थल की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह और सचिव कालुसिंह के अनुसार, मेले की शुरुआत शनिवार सुबह यज्ञ-हवन और धार्मिक अनुष्ठान से होगी। इस दौरान मंदिर पर नई ध्वजा भी चढ़ाई जाएगी।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार रात को आकृति मिश्रा एंड पार्टी की भजन संध्या होगी। रविवार को रानी रंगीली एंड पार्टी राजस्थानी ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुत करेगी। इसमें हंसा रंगीली, राखी रंगीली, रवीना, मुस्कान, भारती और कॉमेडियन रमेश कुमार प्रस्तुति देंगे। सोमवार को ओंकार दास वैष्णव के नेतृत्व में तूरा कलंगी दंगल का मंचन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बस स्टैंड से मंदिर तक वाटर कूलिंग स्प्रे सिस्टम लगाया गया है। मंदिर परिसर में 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विशेष पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। समिति के 30 कर्मचारी व्यवस्था में लगे रहेंगे। आवास व्यवस्था के लिए कमेटी के विश्रांति गृह में 33 एसी कमरे और विभिन्न समाजों की दो दर्जन से अधिक सराय उपलब्ध हैं। मेले में 200 से अधिक अस्थाई दुकानें और स्टॉल लगेंगे। मनोरंजन के लिए झूले, चक्करी और डोलर की व्यवस्था की गई है।

### रेडियोलॉजी डे का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली डेंटल और रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के संरक्षण में नेशनल ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी डे कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विभाग की प्रमुख और प्रोफेसर डॉ. सिमी थांकेप्पन, प्रोफेसर डॉ. एस. भुवनेश्वरी, और सहायक प्रोफेसर डॉ. आशनी चट्टर्जी शामिल थे। कार्यक्रम में ओरल प्री-कैंसर और कैंसर: ओरल कैंसर के प्रबंधन पर विशेष ध्यान विषय पर गेस्ट स्पीकर डॉ. आशिष जाखेटिया द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के नई लॉगो का उद्घाटन भी किया गया, जो विभाग की दृष्टि को दर्शाता है और समग्र ओरल हेल्थ केयर और डायग्नोस्टिक सेवाओं का प्रतीक है। इस उद्घाटन का कार्य मान्यवर प्रिंसिपल डॉ. बालाजी मनोहर ने किया, और इसके बाद लोगों को संबोधित भी किया।

# विधायक ने किया आयड नदी का दौरा, मलबा देख हुए नाराज

■ आयड़ नदी का शीघ्र सीमांकन करने के निर्देश

**उदयपुर, (कासं)।** शहर विधायक ताराचंद जैन ने शुक्रवार को अलीपुरा में आयड नदी में चल रहे कामों का निरीक्षण किया। इस दौरान नदी पेटे में डाले भराव को देखकर आक्रोश जताया और इस भराव को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मौके पर मौजूद नगर बडगांव उपखण्ड अधिकारी के साथ-साथ निगम, यूडीए और राजस्व विभाग को अधिकारियों आयड नदी का सीमांकन करने बाउण्ड्री वॉल बनाने और फेंसिंग करने के निर्देश दिए।

शहर विधायक जैन शुक्रवार सुबह अलीपुरा में आयड नदी पहुँचे। अलीपुरा में ही फतहसागर से बहकर आने वाले नदी और चिकलवास फिडर से आने वाली आयड नदी मिलत है। यहां पर नदी पेटे में किसी ने भराव डाल रखा था, जिसे देखकर शहर विधायक ताराचंद जैन ने नाराजगी जताई और निगम के अधिकारियों को इस भराव को हटाने के लिए कहा। इस पर निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी ने आश्वस्त किया कि वे गैराज शाखा के माध्यम से इस भराव को हटा देंगे। साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि आयड नदी में एक पुलिया बना रखी है, जिससे रात्रि के समय में आस-पास जहां पर भी निर्माण चल रहा है वहां ट्रेक्टर से भराव डाल दिया जाता है। विधायक जैन ने अधिकारियों को मौके पर ही आयड नदी में उतरने वाले रास्ते पर सडक के बीच में लोहे के खंभे लगाने के निर्देश दिए ताकी आयड नदी में चारपहिया वाहन का प्रवेश बंद हो जाए और केवल दुपहिया वाहन हीं जा पाए। विधायक के निर्देश पर निगम के अभियंता पुजारी ने शीघ्र ही सडक के बीच में खंभे लगाने का आश्वासन दिया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि जो भी नदी में मलबा या गंदगी डालता है उनके विडियों पुलिस को उपलब्ध करवाकर उन वाहनों को जब्त करवाएं। निरीक्षण के दौरान उदयपुर शहर विधायक ने नदी में बनाई रास्ते को भी लेकर भी नाराजगी जताई। शहर विधायक का कहना था कि आयड नदी में चल रहे काम के लिए अस्थाई रास्ता था पर अब यह पुलिया स्थाई हो गई है और इस पुलिया से होकर चौपहिया वाहन भी जा रहे है और बारिश के मौसम में यह रास्ता पानी के बहाव को रोकेगा क्योंकि इस रास्ते के नीचे पानी निकासी के लिए मात्र कुछ पाईप लगा रखे है जो पर्याप्त नहीं है। शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि बारिश के मौसम में इस पुलिया से पानी रूकेगा और पानी कॉलोनियों में घुसेगा। विधायक ने शीघ्र इस पुलिया को भी हटाने के लिए कहा तो अधिकारियों ने भी इस पुलिया को हटाने के लिए कहा। इस दौरान विधायक जैन ने गिर्वा उपखण्ड अधिकारी सोनिका कुमारी, यूडीए के तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा और गिर्वा तहसीलदार रणजीत सिंह को कहा कि आयड नदी की सीमाओं की शीघ्र मार्किंग कर दीवार बनाने के लिए कहा ताकी नदी की सीमाओं को हो रहे अवैध कब्जों को रोका जा सकें। शहर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी पर जो भी पुलिया बने वह घुमावदार ना बनाकर सीधी बनाई जाए और इतनी चौडी हो कि मात्र दुपहिया वाहन ही निकल पाए। इस दौरान गिर्वा उपखण्ड अधिकारी सोनिका कुमारी, यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा, निगम के अभियंता मुकेश पुजारी, स्मार्ट सिटी के सीसीएएम पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, स्मार्ट सिटी के अभियंता दिनेश पंचोली, प्रताप सिंह, निवर्तमान पार्षद रेखा उंटवाल, महेश भावसार सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## शांति शिक्षा-विचार व कर्म विषयक संगोष्ठी शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघट लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक में 'शांति शिक्षा-विचार एवं कर्म ' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।

कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि "शांति का आरंभ आत्म से होता है। जब मनुष्य अपने अंतर्मन में संतुलन और सद्भाव स्थापित करता है, तभी वह बाह्य जगत में शांति का संवाहक बनता है।" उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा धर्म में बसती है और धर्म का परम लक्ष्य शांति की स्थापना है। उन्होंने रामधारीसिंह दिनकर की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि "जब भी कोई मनुष्य अपने पथ या संस्कृति से गिरता है, शांति चुपके से अपना आसन छोड़ देती है।' उन्होंने कहा कि अहिंसा भारतीय दर्शन की मूल अवधारणा है और यह हमारे वेद, उपनिषद, भगवद्गीता, योगशास्त्र और जीवन पद्धति में विद्यमान है। "शांति किसी सत्ता द्वारा थोपी नहीं जा सकती, उसे साधना पड़ता है, अर्जित करना होता है।' उन्होंने बताया कि परिवार मूल्य निर्माण की पहली पाठशाला है, जहां बच्चा प्रेम, करुणा और विश्वास जैसे जीवनमूल्य सीखता है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक स्तर पर बुद्धि (आईक्यू) समस्या सुलझाने में सहायक होती है, भावनात्मक बौद्धिकता (ईक्यू) जीवन के प्रति समझ विकसित करती है और आध्यात्मिक बौद्धिकता (एसक्यू) हमें जीवन का अर्थ समझाती है। उन्होंने शांति मंत्र के तीन बार उच्चारण की परंपरा का आध्यात्मिक विश्लेषण करते हुए कहा कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की विधि है। वेदों, उपनिषदों और भारतीय परंपरा के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत सदा से विश्वशांति का अग्रदूत रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत शांति प्रार्थना से की और कहा कि शांति को अपने कर्मों में उतारना ही उसका वास्तविक अभ्यास है। यही उपचार और सामंजस्य का माध्यम है। "सत्य और ज्ञान से ही मन की शांति प्राप्त होती है।

### बैठक 12 मई को


**उदयपुर, (कासं)।** जिला स्तरीय सड़क समिति की बैठक 12 मई को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में होगी। सदस्य सचिव एवं पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि बैठक में जिले में सडक सुरक्षा से जुडी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

## दो दिन में181 ई-मित्रों का किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** ई-मित्र केंद्रों पर निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की षिकायतों पर जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देन पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने विषेष मुहिम चलाई। विभाग ने दो दिन में जिले भर में 181 ई- मित्र केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीओआईटी की संयुक्त निदेशक पूजा साहू ने बताया कि आमजन को ई-मित्र संबंधित सेवाएं सहजता से निर्धारित शुल्क पर मिल सके इस उद्देष्य से जिला कलक्टर श्री नमित मेहता के निर्देषानुसार दो दिवसीय विषेष अभियान 24 व 25 अप्रेल को चलाया गया। इस दौरान विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने जिले के षहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 181 ई-मित्र कियोस्क केन्द्रों का निरीक्षण किया। इनमें से 64 कियोस्क धारकों पर ई-मित्र संबंधी कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार शास्ति आरोपित की गई। इस संबंध में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय बैठक में विभाग के निदेशक ने ई-मित्रों को सेवा शुल्क सूची एवं कॉ-ब्राण्डेड बैनर सदृष्य स्थान पर चस्पा करवाने व निर्धारित शुल्क लेकर आमजन को सेवा उपलब्ध करवाने के लिए सभी जिला समन्वयकों को निर्देशित किया।

### 'नृत्यम' 28 को

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय लोक कला मण्डल में "नृत्यम- का आयोजन 28 को होगा। मण्डल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि 29 अप्रैल को विश्व में "नृत्य दिवस के रूप में" मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस कि पूर्व संध्या पर 'भारतीय लोक कला मण्डल द्वारा 'नृत्यम- का आयोजन किया जाएगा



## लू प्रबंधन व पेयजल व्यवस्था के प्रति रहें गंभीर : कलक्टर

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में हुई।

बैठक के प्रारंभ में जिला कलक्टर ने लू प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल व चिकित्सा व्यवस्था का फीडबैक लिया। इसमें कुछ स्थलों पर हैंडपंप बंद होने, नई मोटर के अभाव में नलकूप शुरू नहीं होने जैसी समस्याएं सामने आई। इस पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता से जवाब-तलब करते हुए आगामी 30 अप्रेल तक सभी हैंडपंप शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को सप्ताह में 2 से 3 दिन फील्ड विजिट कर सामान्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को भी लगातार आमजन से संपर्क में रहकर उनकी पेयजल समस्या का त्वरित निस्तारण करने के लिए पाबंद किया।

जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में पेयजल सहित अन्य समस्याएं रहती हैं। उस पर यदि विभाग या अधिकारियों के स्तर पर सही रेस्पोंस नहीं मिलता है तो लोगों की नाराजगी बढ़ती है। बेहतर यही है कि हम आमजन से नियमित संपर्क में रहते हुए संवाद कायम रखें। इससे क्षेत्र की समस्याएं भी समय पर मिलेंगी और उनका निस्तारण भी त्वरित हो सकेगा। इसके अलावा यदि कोई बड़ी समस्या है जिसके निस्तारण में समय लग रहा हो तो संपर्क और संवाद से लोगों में विश्वास बना रहता है। बैठक में बंद पड़े हैंडपंप को दुरूस्त कराने में पाइप की कमी की समस्या सामने आई। इस पर जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को पंचायत समिति से समन्वय कर प्रत्येक पंचायत समिति में एक-एक लाख रूपए के पाइप की खरीद के लिए टेण्डर प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए। ताकि संबंधित क्षेत्र में समय रहते हैंडपंप दुरूस्त कराते हुए आमजन को राहत प्रदान की जा सके। जिला कलक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के सभी अस्पतालों का दौरा कर वहां पेयजल, दवाइयों की उपलब्धता आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भामाशाहों से संपर्क कर अस्पतालों में शीतल जल की व्यवस्था की जा सकती है। बैठक में जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमंद खण्ड-प्रथम**

खनिज भवन, आर.के.राजकीय चिकित्सालय के सामने, बाईपास रोड़, राजसमंद

दूरभाष व फैक्स-02952-220190, Email-me.rajsamand1@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-खअ/राज-1/सीसी-5/एमआर/एमएल-293/1997/राजकाजरे.न.-14931630 दिनांकः-25.04.25

**-:आम सूचना:-**

निकट ग्राम जुनी आरणा तहसील व जिला राजसमन्द में खनिज मार्बल का खनन पट्टा संख्या 293/1997 श्री हिसामुद्दीन चुड़ीगर पुत्र श्री अल्लाउद्दीन चुड़ीगर निवासी पठानवाड़ी, राजनगर, तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) के पक्ष में अवधि दिनांक 02.01.1989 से 50 वर्ष के लिये स्वीकृत है, चूंकि खनन पट्टाधारी श्री हिसामुद्दीन चुड़ीगर की मृत्यु दिनांक 01.03.2025 को हो जाने से उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण श्री सिराजुद्दीन चुडीगर पुत्र श्री हिसामद्दीन चुड़ीगर निवासी पठानवाड़ी राजनगर,तहसील व जिला-राजसमंद (राज.) के पक्ष में नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/परेशानी हो तो 15 दिवस में ऊपर अंकित पते पर लिखित में आपत्ति दर्ज करावें।

आज्ञा से, खनि अभियन्ता,
राजसमन्द खण्ड प्रथम